1.	श्री पी.एन.सिंह माननीय सांसद /धनबाद सह अध्यक्ष मंडल संसदीय समिति	
क्र.सं.	मद	अभियुक्ति
i.	गया पुल से टिकट आरक्षण केन्द्र तक नये सड़क का निर्माण किया जाए जिससे लोगों को जाम की समस्या से मुक्ति मिल सके ।	धनबाद स्टेशन के पश्चिम भाग से श्रमिक चौक तक रास्ता उपलब्ध है ।इसकेचौड़ीकरण का कार्य सिविल एडमिनिस्ट्रेशन से मिलकर किया जायेगा।
ii.	डी.आर.एम कार्यालय से ग्रीन भीउ पेट्रोल पम्प जाने के रास्ते में वर्षा हो जाने पर पानी का अत्यधिक जमाव हो जाता है इस पर रेल प्रशासन ध्यान दे।	वर्षा जल के निकासी हेतु ड्रेनेज की व्यवस्था की जाएगी।
iii.	धनबाद अल्लेपी एक्सप्रेस को फुल रेक के साथ चलाया जाए ।	धनबाद से राउरकेला 14 कोच एवं टाटा से राउरकेला 10 कोच राउरकेला में जुड़ने के उपरांत यह ट्रेन 24 कोच के साथ गंतव्य स्टेशन की ओर जाती हैं ।यह ट्रेन अपनी पूरी क्षमता (24 कोच) से चल रही हैं। इस गाड़ी को धनबाद से फुल रेक के साथ चलाने हेतु पत्रांक-टी.टी./57/टाइम टेबल/सुझाव व प्रस्ताव/18, दिनांक 14.12.18 को मुख्यालय को प्रेषित किया जा चूका है। दक्षिण भारत हेतु एक सीधी ट्रेन चलाने के लिए टाइम-टेबल प्रस्ताव-19 में शामिल करने हेतु पत्र मुख्यालय को प्रेषित किया गया है।
iv.	राँची हावड़ा इंटरसिटी को धनबाद मार्ग से चलाये जाने की माँग की।	यह पूर्व रेलवे एवं दक्षिण पूर्व रेलवे के क्षेत्राधीन की गाड़ी है। किसी गाड़ी के मार्ग में परिवर्तन करने से संबंधित निर्णय रेलवे बोर्ड स्तर पर लिए जाते है।
v.	धनबाद–चन्द्रपुरा मार्ग में रेलगाड़ियों को परिचालन शुरू हो चुका है परन्तु भूमिगत आग के कारण खतरा अभी भी है। इसके स्थाई समाधान हेतु वैकल्पिक मार्ग निकालने की माँग की ।	धनबाद-चन्द्रपुरा लाइन को निगरानी में रखा गया है । धनबाद-चन्द्रपुरा लाइन के alternate में मतारी एवं टेलो के बीच लाइन के निर्माण का कार्य स्वीकृत है।
vi.	धनबाद स्टेशन के प्रत्येक प्लेटफॉर्म में शौचालय का निर्माण किया जाए।	धनबाद स्टेशन के प्रत्येक प्लेटफार्म पर शौचालय की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त प्लेटफार्म सं. 01 पर पे एंड यूज़तथा स्टेशन परिसर में एक डीलक्स शौचालय की सुविधा उपलब्ध है।
vii.	धनबाद मेंसा मुदायिक भवनों की संख्या बढ़ाये जाने की मांग की।	धनबाद रेलवे परिसर में एक ऑडिटोरियम एवं दो सामुदायिक भवन उपलब्ध है।
viii.	तेतुलतला ग्राउंड को विकसित किये जाने एवं रेलवे स्टेडियम को मॉर्निंग वाक के लिये खोले जाने की माँग की ।	तेतुलतला ग्राउंडकी फेंसिंग का कार्य हुआ है, इस ग्राउंड के विकास का और कार्य किया जायेगा, रेलवे स्टेडियम सुबह और शाम को खुला रहता है।
ix.	धनबाद स्टेशन जाने का रास्ता का फीस करा है जिससे धनबाद स्टेशन पहुँचने में काफी समय लगता है।	धनबाद स्टेशन के पश्चिम भाग से श्रमिक चौक तक रास्ता उपलब्ध है ।इसकेचौड़ीकरण का कार्य सिविल एडमिनिस्ट्रेशन से मिलकर किया जायेगा।

2.	श्री बी.डी.राम, माननीय सांसद, पलामू (झारखण्ड)	
क्र.सं.	मद	अभियुक्ति
i.	कजरत नवाडीह स्टेशन जो झारखंड राज्य का अंतिम स्टेशन है यहाँ ट्रेनों का ठहराव किया जाना चाहिए जिससे झारखंड के यात्रियों को परेशानी ना हो।	कजरतनवाडीहस्टेशनपरट्रेनोंके ठहराव का प्रस्ताव मुख्यालय द्वारा रेलवे बोर्ड को दिनांक 03.07.18 को भेजा जा चुका हैं।
ii.	उन्होंने उन मुद्दों की ओर ध्यान आकृष्ट किया जो पूर्व मध्य रेल से बाहर के क्षेत्र के है। उन्होंने ऐसे मुद्दों को रेलवे बोर्ड तक मंडल या मुख्यालय के माध्यम से पहुंचाए जाने की मांग की ताकि आपसी सामंजस्य से कार्य पूरा हो सके।	जो मुद्दे मंडल के क्षेत्राधिकार के बाहर के है उन मुद्दों पर आगे की कार्यवाही हेतु मुख्यालय को अग्रसारित किया जा रहा है।
iii.	ऊँटारी रोड में फुटओवर ब्रिज का निर्माण किया जाए।	फुटओवर ब्रिज के निर्माण का कार्य वर्ष 2020-21 में प्रस्तावित किया जायेगा।
iv.	लालगढ पंजरीकला में बिना वैकल्पिक व्यवस्था किये रेलवे क्रोसिंग को बंद कर दिया गया है अतः उन्होंने वहाँ आर.यू.बी के निर्माण किया जाए।	पंजरीकला गांव में रेलवे Km 306/1-3 पर Un-authorised Track Crossing था जिसे रेलवे द्वारा बंद करवाया गया है। रेलवे द्वारा DC पलामू को पत्र सं. W.515/1/UTC दिनांक 02.01.17 के द्वारा, इसUn-authorised Track Crossing को बंद करवाने या इसके बदले में Deposit Terms basis पर ROB/RUB/LHS के लिए पत्र लिखा गया था, लेकिन कोई उचित जवाब नहीं मिला। रेलवे द्वारा समान पत्र सं. दिनांक 16.06.17, 22.12.17, 23.05.18 एवं02.01.19 द्वारा भी DC पलामू को अनुस्मारक पत्र लिखा गया, लेकिन कोई उचित जवाब अब तक नहीं मिला। अत: रेलवे ने सुरक्षा की दृष्टि से Un-authorised Track Crossing को बंद करवा दिया। रेलवे द्वारा कोई भी नया समपार फाटक बनवाने का प्रावधान नहीं है। अगर राज्य सरकार Deposit Terms basis पर, इस स्थान (Km 306/1-3) पर ROB/RUB/LHS का निर्माण चाहती है, तो रेलवे द्वारा बनवाया जा सकता है। इस स्थान के नजदीक समपार फाटक संख्या 3/C/E(Km 312/9-11) अवस्थित है जिसके लिए PWP वर्ष 2019-20 में प्रस्तावित है।
v.	गया–छतरपुर डूमरी रेलमार्ग स्वीकृत है परन्तु अभी तक इसका कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है इस पर शीघ्र कारवाई की जाए।	यह नीतिगत मामला है। रेलवे बोर्ड द्वारा देखे जायेगे।
vi.	राँची–चोपन इंटरसिटी एक्सप्रेस की समय-सारणी में बदलाव तथा इसे लोहरदगा - टोरी मार्ग से चलाया जाए।	किसी ट्रेन के मार्ग में परिवर्तन करने से संबंधित निर्णय रेलवे बोर्ड स्तर पर लिए जाते है। इससे संबंधित पत्र मुख्यालय को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा रहा है।
vii.	त्रिवेणी एक्सप्रेस को राँची तक बढ़ाया जाए।	गाड़ियों के मार्ग मे विस्तार करने से संबन्धित निर्णय रेलवे बोर्ड स्तर पर लिए जाते हैं।

viii.	राँची राजधानी एक्सप्रेस में डालटेनगंज का कोटा बढ़ाया जाए ।	गाड़ी सं. 12453 राँची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में डाल्टनगंज के लिए रिजर्वेशन का कोटा बढाया जाना दक्षिण पूर्व रेलवे के क्षेत्राधिकार में है । अतः आगे की कार्यवाही हेतु इसे दक्षिण पूर्व रेलवे को अग्रसारित किया जा रहा है।
ix.	राँची–दिल्ली गरीब रथ का परिचालन बढ़ाकर लोहरदगा मार्ग से सप्ताह में एक दिन चलाया जाए ।	यह गाड़ी दक्षिण पूर्व रेल के नियंत्रण की गाड़ी है । इससे संबंधित पत्र मुख्यालय को अग्रिम कार्यवाही हेतु अग्रसारित किया जा रहा है । किसी ट्रेन के मार्ग में परिवर्तन/फेरों में बढ़ोत्तरी करने से संबंधित निर्णय रेलवे बोर्ड स्तर पर लिए जाते हैं।

3.	श्रीमती रीति पाठक, माननीय सांसद,सीधी (मध्य प्रदेश)	
क्र.सं.	मद	अभियुक्ति
i.	सिंगरौली–वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस काफी लेट रहती है कभी–कभी ज्यादा लेट होने के कारण यह रद्द भी हो जाती है। रेल प्रशासन को इस ट्रेन की समय बद्धता पर ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है।	यह गाड़ी उत्तर मध्य रेलवे से प्राय: विलंब से प्राप्त होती है, जिसके कारण गाड़ी का परिचालन धनबाद मंडल में निश्चित समय से नहीं हो पाता है। इस ट्रेन को समय पर चलाने हेतु उत्तर मध्य रेल से निरंतर समन्वय बनाया जा रहा है।
ii.	इलेक्ट्रिफिकेशनएवंडबलिंगकेजोकार्यप्रगति में हैं वे कब तक पुरे होगें।	इलेक्ट्रिफिकेशन का कार्य वर्ष 2019-20 में पूरा करलिया जायेगा एवं दोहरीकरण का कार्य निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है जो कि वर्ष 2020-21 में पूरा कर लिया जायेगा।
iii.	सिंगरौली रेलवे स्टेशन एक आदर्श रेलवे स्टेशन है इसके सौंदर्यीकरण एवं अन्य यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।	सिंगरौली रेलवे स्टेशन NSG-4 वर्गीकृत स्टेशन है।स्टेशन वर्गीकरण के अनुसार यहाँ यात्री सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जैसेनया स्टेशन भवन, 03 हाई लेवल प्लेटफार्म, 01 FOB, प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी का प्रतीक्षालय, रिज़र्व लाउन्ज, प्लेटफार्म पर 04 शौचालय, 02 RO मशीन, 01 वाटर कूलर, 01 वाटर वेंडिंग मशीन, Wi-Fi, पार्किंग, प्रकाश तथा पीने के पानी हेतु पर्याप्त टैप आदि की सुविधा उपलब्ध है। इस स्टेशन को आदर्श स्टेशन भी घोषित किया गया है। यहाँप्लेटफार्म सं. 01 एवं 02 पर अतिरिक्त शेड एवं02 लिफ्ट लगाने का कार्य स्वीकृत है। इस स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं में लगातार बढ़ोतरी की जा रही है।
iv.	चोपन–कटनी पैसेन्जर का विस्तार माँ शारदा धाम (मैहर स्टेशन) तक करने की माँग की।	गाड़ी संख्या 51679/80 कटनी-चोपन पैसेंजर पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा संचालित एवं नियंत्रित की जाती हैं। किसी गाड़ीके मार्ग में विस्तार करने से संबंधित निर्णय रेलवे बोर्ड स्तर पर लिए जाते हैं।

4.	श्री सुनील कुमार सिंह, माननीय सांसद, चतरा (झारखण्ड)	
क्र.सं.	मद	अभियुक्ति
i.	टोरी स्टेशन में आर.ओ.बी की व्यवस्था की जानी चाहिए। आर.ओ.बी का डिजाइन इस प्रकार बनाया जाना चाहिए कि पूर्व में जो बाजार है वह ना टूटे।	टोरी स्टेशन के L.C. गेट न. 12/A/T पर ROB का निर्माण राज्य सरकार के NH Wing द्वारा किया जानाहै ।
ii.	डेहरी ऑन सोन–राँची इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव छिपादोहर स्टेशन पर दिया जाय।	छिपादोहर स्टेशन NSG-6वर्गीकृत स्टेशन है। वतर्मान में इस स्टेशन पर 02जोड़ी एक्सप्रेस एवं 04जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव है। ट्रेन सं. 18635/36 का ठहराव लातेहारएवंबरवाडीह स्टेशन पर है जो छिपादोहर स्टेशन से क्रमशः31 Km एवं10Km पर स्थित है। छिपादोहर स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाड़ी आय रूपये 352/- एवं प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्रियों की संख्या 15है, जो किसी स्टेशन पर ट्रेन के ठहराव के लिए निर्धारित मापदंड को पूरा नहीं करता है। अत: ठहराववाणिज्यिक दृष्टिकोणसेऔचित्यपूर्ण नहीं है। किसी स्टेशन पर ट्रेन के ठहराव से संबंधित निर्णय रेलवे बोर्ड स्तर पर लिए जाते है। पत्रांक-सी./702/MP-MLA/Stoppage/09/19, दिनांक 27.09.19 को इससे संबंधित पत्र मुख्यालय कोप्रेषित किया जा चूका है।
iii.	प्रस्तावित बरवाडीह – चिरिमिरी रेलवे लाइन पर शीघ्र कार्रवाई की जाए।	यह नीतिगत मामला हैं। रेलवे बोर्ड द्वारा देखे जायेगे।
iv.	टोरी–चतरा रेलवे लाइन पर कार्रवाई करने की माँग की।	टोरी से शिवपुर तक रेलवे लाइन चालू हैं। शिवपुर-कठौतिया रेल लाइन परियोजना का कार्य इरकॉन द्वारा किया जा रहा हैं।टोरी-चतरा रेल लाइन का निर्माण नीतिगत मामला है। रेलवे बोर्ड द्वारा देखे जायेंगे।
v.	राँची–टोरी पैसेन्जर का विस्तार शिवपुर तक करने की मांग की।	वर्तमानसमय में उक्त रेल खंड केवल माल यातायात हेतु खोला गया है।
vi.	राँची में नया रेलवे जोन बनाया जाए।	यह नीतिगत मामला हैं। इससे संबंधित निर्णय मंत्रालय स्तर पर लिए जायेंगे।

5.	श्री चन्द्रप्रकाश चौधरी, माननीय सांसद, गिरिडीह (झारखण्ड)	
क्र.सं.	मद	अभियुक्ति
i.	धनबाद-चन्द्रपुरा लाइन में पैसेन्जर ट्रेनों का परिचालन शुरू किया जाना चाहिए।	धनबाद चन्द्रपुरा लाइन के शेष पैसेन्जर ट्रेनों के पुन: परिचालन हेतु पत्रांक- टी.टी./57/टाइम टेबल/सुझाव व प्रस्ताव/19, दिनांक 06.02.19 को मुख्यालय को प्रेषित किया जा चुका है । मुख्यालय द्वारा भी इसे बोर्ड को अग्रसरित किया जा चुका है।
ii.	चन्द्रपुरा स्टेशन के सौंदर्यीकरण एवं साफ–सफाई पर ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है ।	चन्द्रपुरा स्टेशन के बाहर जो अतिक्रमण था उसे हटा दिया गया है, जिसके उपरांत यहाँ दो पार्क का निर्माण किया गया है। इसके सौंदर्यीकरण पर और ध्यान दिया जा रहा है।
iii.	रेलवे स्टेशनों में रोजी–रोजगार करने वालों को एक आइडेंन्टीटी देकर उन्हें रोजी–रोजगार करने दिया जाना चाहिए। इससे यात्रियों को भी सुविधा होती है एवं बेरोजगारों को भी लाभ मिलेगा ।	यह नीतिगत मामला है।
iv.	प्रमुख स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीन लगाया जाना चाहिए इससे यात्रियों को कम पैसे में स्वच्छ पेय-जल की सुविधा प्राप्त होगी।	धनबाद मंडल के 11 स्टेशनों पर कुल 29 वाटर वेंडिंग मशीन लगाया गया है । जिसके माध्यम से यात्रियों को स्वच्छ पेय जल उपलब्ध कराया जा रहा है । इसके अतिरिक्त प्रत्येक स्टेशन पर RO Cum Water Cooler के प्रावधान की प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई है।
v.	प्रत्येक स्टेशनों में एक व्हील चेयर की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि दिव्यांग व्यक्तियों, बुजुर्गों एवं रोगियों को ट्रेनों से उतरने के पश्चात किसी प्रकार की दिक्कतें ना हो ।	धनबाद मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर व्हील चेयर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।
vi.	स्टेशनों के सौंदर्यीकरण एवं लाइटिंग पर विशेष ध्यान दिया जाय एवं साफ–सफाई की व्यवस्था को और इम्प्रूव किये जाने की आवश्यकता है।	मंडल के प्रमुख स्टेशनों के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है एवं स्टेशन पर लोकल कला/कल्चर को पेटिंग के माध्यम से प्रदर्शित कर भी स्टेशन के सौंदर्य को बढ़ाया जा रहा है।

6.	श्री विजय कुमार मांझी, माननीय सांसद, गया (बिहार)	
क्र.सं.	मद	अभियुक्ति
i.	पहाड़पुर स्टेशन के फुट ओवरब्रिज का विस्तार किया जाय।	सांसद महोदय ने इसमें आने वाले खर्च का आधा खर्च सांसद निधि से उपलब्ध कराने के लिए आश्वासन दिया है। फण्ड उपलब्ध कराने हेतु माननीय सांसद महोदय को पत्र सं. W-491/Prog./Pt.IX दिनांक 25.09.19 को मंडल रेल प्रबंधक(इंजिनियर) के द्वारा एक पत्र प्रेषित किया गया है।
ii.	पहाड़पुर स्टेशन पर जनशताब्दी ट्रेन का ठहराव दिया जाए।	पहाड़पुर स्टेशन NSG-5वर्गीकृत स्टेशन है। वतर्मान में इस स्टेशन पर 06 जोड़ी एक्सप्रेस एवं 02 जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव है। जनशताब्दी एक्सप्रेस का ठहराव कोडरमा एवं गया स्टेशन पर है जो पहाड़पुर स्टेशन से क्रमशः44 Km एवं 32Km पर स्थित है। इस स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाड़ी आय रूपये 9669/- एवं प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्रियों की संख्या 144है, जो किसी स्टेशन पर ट्रेन के ठहराव के लिए निर्धारित मापदंड को पूरा नहीं करता है। अत: ठहराव औचित्यपूर्ण नहीं है। किसी स्टेशन पर ट्रेन के ठहराव से संबंधित निर्णय रेलवे बोर्ड स्तर पर लिए जाते है। इससे संबंधित पत्र मुख्यालय द्वारा रेलवे बोर्ड को प्रेषित किया जा चुका है।
iii.	बंधुवा स्टेशन स्टेट हाइवे में आर.ओ.बी का निर्माण कराया जाए।	गेट न. 40/C/TKm 456/25-27 में आर.ओ.बी. कार्य स्वीकृत है जो निर्माण विभाग द्वारा किया जायेगा।
iv.	पहाड़पुर स्टेशन का सौन्दर्यीकरण किया जाए।	इस स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाएं स्टेशन वर्गीकरण के अनुसार हैं। उपलब्ध सुविधाओं में और विस्तार के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। सौन्दर्यीकरण का कार्य वर्ष 2019-20 में प्रस्तावित है।

7.	**श्री पकौड़ी लाल, माननीय सांसद, रॉबर्टसगंज (उत्तर प्रदेश)**	
क्र.सं.	मद	अभियुक्ति
i.	शक्तिनगर–सिंगरौली–बनारस गाड़ी सं. 23345 की समय-सारणी ठीक की जाय ।	यह गाड़ी उत्तर मध्य रेलवे से प्राय: विलंब से प्राप्त होती है, जिसके कारण गाड़ी का परिचालन धनबाद मंडल में निश्चित समय से नहीं हो पाता है। इस ट्रेन को समय पर चलाने हेतु उत्तर मध्य रेल से निरंतर समन्वय बनाया जा रहा है।
ii.	ट्रेनों की साफ–सफाई एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाय।	ट्रेनोंकी साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस हेतु ट्रेनोंपर ऑन बोर्ड हाउस कीपिंग स्टाफ की तैनाती की गई है।
iii.	चोपन स्टेशन के फुट ओवरब्रिज को बड़ा किया जाए ।	यह कार्य वर्ष 2020-21 में प्रस्तावित किया जायेगा।
iv.	धनबाद मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर RO मशीन लगाने की व्यवस्था की जाय ।	धनबाद मंडलके प्रत्येक स्टेशन पर RO Cum Water Cooler के प्रावधान की प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई हैं। वर्तमान में 13स्टेशनों पर RO मशीन लगा दी गई है।
v.	मंडल के विन्धमगंज, जोगीडीह, महुअरिया, बिल्ली, कृष्णशिला,ओबरा आदि स्टेशनों के प्लेटफॉर्मों की लंबाई एवं ऊंचाई बढ़ाई जाए।	यह कार्य दोहरीकरण परियोजना के साथ स्वीकृत है।
vi.	फफराकूण्ड में रेलवे लाइन का दोहरीकरण हो रहा है किन्तु लोगों को रेल लाइन पार कर जाना पड़ता है अतः यहाँ एक FOB या अंडर पास का निर्माण कराया जाय ।	रेलवे लाईन के दोहरीकरण के साथ FOB का निर्माण, निर्माण विभाग के द्वारा कराया जायेगा।
vii.	चोपन से लखनऊ के लिए नई ट्रेन चलाई जाए।	वर्तमान में चोपन से लखनऊ के लिए एक जोड़ी ट्रेन त्रिवेणी एक्सप्रेस उपलब्ध है। फिर भी नई गाड़ियों के चलाने से संबंधित निर्णय रेलवे बोर्ड स्तर पर लिए जाते है।
viii.	त्रिवेणी एक्सप्रेस जो चोपन से लखनऊ तक जाती है में कोचों की संख्या बढ़ाये जाने की माँग की।	यह ट्रेन पूर्वोतर रेलवे के क्षेत्राधीन है । इस ट्रेन में अतिरिक्त कोच लगाने हेतु निर्णय संबंधित रेलवे द्वारा लिया जाना है। इस मांग के संबंध में संबंधित रेलवे को अवगत कराया जा रहा है।

8.	**श्री सुनील कुमार अग्रवाल, माननीया सांसद /कोडरमा श्रीमती अन्नपूर्णा देवी के प्रतिनिधि**	
क्र.सं.	मद	अभियुक्ति
i.	सरिया में रेल ओवर ब्रिज के निर्माण की माँग की गई, ताकि जनता को जाम की समस्या से छुटकारा मिल सके ।	यह कार्य स्वीकृत है । इस कार्य में विलंब का मुख्य कारण निर्माण स्थल पर वृहत पैमाने पर अतिक्रमण होना है, जिसे राज्य सरकार द्वारा मुक्त कराया जाना है।
ii.	राजधनवार में रेल ओवरब्रिज की स्थिति काफी जर्जर है इसकी मरम्मत की जाए ।	रेल ओवर ब्रिज की मरम्मती करवाई जाएगी।
iii.	कोडरमा-न्यू गिरिडीह लाइन के कुछ स्टेशनों का स्थान के अनुसार नामकरण नहीं किया गया है इसे ठीक करने की आवश्यकता है (जैसे रेम्बा, कोवाड़)।	किसी स्टेशन के नाम में परिवर्तन केवल केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा राज्य सरकार से प्रस्ताव मिलने पर किया जाता है।

9.	श्री संजय झा, माननीय सांसद श्री महेश पोद्दार के प्रतिनिधि	
क्र.सं.	मद	अभियुक्ति
i.	प्रधानखंटा–डोकरा हॉल्ट खण्ड के मध्य करमाटॉड़ पंचायत के गाँव हुचुकटॉड में सड़क के निर्माण हेतु रेलवे प्रशासन द्वारा एन.ओ.सी दिये जाने की माँग की।	राज्य सरकार से प्रस्ताव आने पर अनापत्ति प्रमाणपत्र दिया जायेगा॥
ii.	बरमसिया रेल फाटक के पास फुट ओवरब्रिज बनाये जाने की माँग की ।	उक्त फाटक पर ROB पहले से अवस्थित है एवं रेलवे बोर्ड के वर्तमान नियमानुसार लागत साझा के आधार पर FOB बनाने का प्रावधान है । तथापि, यदि राज्य सरकार चाहे तो प्रस्ताव रेल को भेज सकती है जिस पर विचार किया जायेगा ।
iii.	धनबाद–भोजूडीह पैसेन्जर को पुनः चालू किये जाने की माँग की ।	धनबाद से भोजुडीह के लिए वर्तमान में गाड़ी सं. 13301/02 स्वर्णरेखा एक्सप्रेस एवं गाड़ी सं. 68087/88 धनबाद-बांकुरा पैसेंजर उपलब्ध है । गाड़ियों के पुन: परिचालन करने से संबंधित निर्णय रेलवे बोर्ड स्तर पर लिए जाते है ।
iv.	पम्पू तालाब एवं पॉलिटेक्निक तालाब के साफ–सफाई एवं सौदर्यीकरण किये जाने की माँग की।	पम्पूतालाब एवं पॉलिटेक्निकतालाब कीसमय-समय पर साफ-सफाईएवंसौदर्यीकरणके लिए कार्य की जाती है । नगर निगम के साथ मिलकर इन तालाबो का सौन्दर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है ।
v.	कुमारधुबी में जो फुटओवर ब्रिज बन रहा है वह 10 वर्षों से लंबित है ।	कुमारधुबी रेलवे स्टेशन पूर्व रेलवे के अंतर्गत आता है । इस मांग को अग्रिम कार्यवाही हेतु पूर्व रेल को अग्रसारित किया जा रहा है ।
vi.	गंगा–सतलज एक्सप्रेस में मुगलसराय के बाद गंदगी काफी रहती है, इस ट्रेन की साफ–सफाई एवं स्वच्छता पर ध्यान दिया जाना चाहिए।	आपके सुझाव से संबंधित मंडल को अवगत कराया गया है, और इस ट्रेन की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है । इस ट्रेन में साफ-सफाई के लिए OBHS नियुक्त किये गए है ।